Title: Need to ensure proper safety and security of pilgrims to Man Sarovar, Sindhu Darshan and Amarnath. −Laid.

डॉ0 सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): अध्यक्ष महोदय, देश में तीर्थयात्रा एवं तीर्थयात्रियों की ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्परा है।

मान सरोवर, सिन्धु दर्शन एवं अमरनाथ की यात्राएं और यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा की ओर विशो उपाय करना आवश्यक है। इन यात्रा की तिथियों और यात्रा अ वधि का भी विशो महत्व है। अतएव जहां उक्त यात्राओं के लिए सरकारी सहायता, अनुदान एवं सुरक्षा प्रबंध आवश्यक है वहीं इसके लिए इस क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं से परामर्श कर राज्य तथा केन्द्र सरकार का समन्वय भी आवश्यक है। इस संबंध में धर्मयात्रा संघ एवं अन्य संस्थाओं ने समय समय पर प्रतिवेदन दिए हैं।

अतएव केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक प्रणाली सुनिश्चित करने का प्रबंध किया जाये।